
# 8 करो मज़े-दस के साथ


मेरी मदद करो!
अंकल, मैं 18 रुपये की पेंसिलें खरीदना चाहती हूँ। मेरे पास सिर्फ़ दस के नोट हैं और एक-एक रुपये के सिक्के हैं। मैं आपको कितने नोट और सिक्के दूँ?
18 रुपये का मतलब है 10 रुपये का एक नोट और एक-एक रुपये के 8 सिक्के।
35 रुपये के लिए मुझे कितने नोट और सिक्के देने होंगे?
तुम मुझे तीन 10 रुपये के नोट और एक रुपये के 5 सिक्के दो।
अच्छा अंकल अगर ....
अरे! मुझे यह बताओ कि तुम्हें कितनी पेंसिलें चाहिए?
एक भी नहीं! मेरे गृहकार्य में मेरी मदद करने के लिए आपका धन्यवाद।

बिना अंकल की मदद से, क्या तुम यह कर सकते हो? इन चीज़ों के लिए तुम्हें कितने 10 रुपये के नोट और एक-एक रुपये के सिक्के चाहिए? चित्र बनाओ।



_______________




_______________



_______________

✪ इन नोटों और सिक्कों को मिलाकर कितने रुपये होंगे?

 = 30 रुपये

 = ______ रुपये


 = ______ रुपये

 = ______ रुपये

 = ______ रुपये

खेलने वाले नोटों से इसी तरह का अभ्यास कार्य कक्षा में करवाइए।

## अभ्यास का समय




अब तुम इन्हें लिखो और ज़ोर से पढ़ो।

27 = ___ + 7

31 = 30 + ___

54 = ___ + ___

___ = 90 + 9

63 = ___ + ___

36 = ___ + ___

___ = 80 + 2




12 = 10 + 2


19 = ___ + 9

11 = ___ + ___

___ = 10 + 7

बच्चों से पता कीजिए कि क्या उन्हें किसी दूसरी भाषा में भी गिनती आती है। अंग्रेज़ी भाषा में गिनती के पैटर्न पर बच्चों से चर्चा करें।

## कड़ा फेंको!





कर्मा और गेसर कड़ा फेंकने का खेल, खेल रहे हैं। कर्मा ने कड़ा बिंदियों पर फेंका।

हर बड़ी लाल बिंदी 10 अंकों के बराबर है। हर छोटी हरी बिंदी 1 अंक के बराबर है।


रिंग के अंदर-अंदर आने वाली बिंदियाँ हैं

| बिंदियाँ | ● ● ● ● | • • • • |
|---|---|---|
| अंक | 40 | 4 |

इसलिए कर्मा को 44 अंक मिले।

वे दोनों दो-दो बार कड़ा फेंकते हैं। ये रहे उनके अंक

| *फेंक* | *कर्मा* | *गेसर* | *कौन जीता* |
|---|---|---|---|
| पहली | 44 | 13 | कर्मा |
| दूसरी | 16 | 32 | गेसर |



तुम भी इस खेल को अपने दोस्त के साथ खेल सकते हो। अपनी हर फेंक पर पाए गए अंक लिखो।

| फेंक | मेरे अंक | मेरे दोस्त के अंक | विजेता |
|---|---|---|---|
| पहली | | | |
| दूसरी | | | |
| तीसरी | | | |
| चौथी | | | |
| पाँचवीं | | | |
| छठी | | | |

मन ही मन सोचकर स्कोर बताने के लिए छात्रों को प्रेरित करें।

## बाँसुरीवाला और चूहे


1
2
मैं किसी ऐसे आदमी को ढूँढ़ रहा हूँ जो चूहों को टोकरे में पकड़े। हर चूहे पर एक सोने का सिक्का मिलेगा।
3
मैं करूँगा।
क्या! बाँसुरी से।
4
5
मेरा इनाम महाराज! मैंने 80 चूहों को टोकरे में पकड़ लिया है।
पर तुमने इतनी जल्दी इतने सारे चूहे कैसे गिने?





बहुत आसान! मैंने इन कार्डों का इस्तेमाल किया।


मैंने एक चूहा गिना और एक 1 कार्ड अपनी जेब में रखा।


1 एक चूहे के लिए

1 1 दो चूहे के लिए


1 1 1 1 1 1 कितने चूहों के लिए? ______

जब मेरे पास 10 कार्ड हो गए, तो मैंने उनके बदले में अपनी जेब में यह कार्ड 10 रख लिया।






तब 7 और चूहे आए। तब मेरे पास जेब में थे –




17 चूहों के लिए।

✪ उसके पास जेब में कौन-कौन से कार्ड होंगे अगर उसने इतना गिना।

(क) 23 ⟶ 1 10 1 10 1

(ख) 47 ⟶

(ग) 55 ⟶

(घ) 63 ⟶

(ङ) 72 ⟶

(च) 80 ⟶

बच्चों को प्रेरित करें ताकि वे टोकन कार्ड बनाएँ और अलग-अलग गतिविधियों में उनका इस्तेमाल करें।

राजा ने इनाम में बाँसुरी वाले को सोने के सिक्के दिए।




✪ क्या तुम अंदाज़ा लगा सकते हो कि इसके बाद क्या हुआ?

✪ अब कक्षा में इस कहानी का नाटक बनाओ।



# स्कूल का सफ़ाई दिवस




हर कक्षा में बच्चों की संख्या इस तरह है।

| | |
|---|---|
| कक्षा 1 | 53 |
| कक्षा 2 | 42 |
| कक्षा 3 | 35 |
| कक्षा 4 | 54 |
| कक्षा 5 | 26 |

- हर कक्षा में कितनी टीमें होंगी? कितने बच्चे किसी भी टीम में नहीं होंगे? यहाँ लिखो।

| | *कितनी टीमें?* | *बचे हुए बच्चे* |
|---|---|---|
| कक्षा 1 | | |
| कक्षा 2 | | |
| कक्षा 3 | | |
| कक्षा 4 | | |
| कक्षा 5 | | |

- कुल कितने बच्चे किसी टीम में नहीं होंगे? ________________
- इन बच्चों से कितनी टीमें और बन सकती हैं? ________________

**अभ्यास का समय – तुम्हारे स्कूल में दस-दस की टीमें**

- पता करो तुम्हारे स्कूल की हर कक्षा में कितने बच्चे हैं।
- हर कक्षा में दस-दस की टीमें बनाओ।
- हर कक्षा में कितने बच्चे किसी टीम में नहीं हैं?